# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Monday, 21 September 2026**


## अब पैन कार्ड बनवाने के लिए जरूरी होगा आधार कार्ड, जानिए घर बैठे कैसे करे अप्लाई – पूरी प्रक्रिया स्टेप-बाय-स्टेप।

Publisher | Published on 01 Jul 2025




# सरकार ने पैन कार्ड को आधार से अनिवार्य रूप से जोड़ दिया है। जाने 1 जुलाई 2025 से लागू हुए नए नियम और घर बैठे ई-पैन बनवाने की पूरी प्रक्रिया।

**बिना आधार के अब नहीं बनेगा पैन कार्ड**

**PAN Card Applying Process:** भारत सरकार ने पैन कार्ड को लेकर बड़ा अपडेट जारी किया है। **1 जुलाई 2025** से अब कोई भी नागरिक **आधार कार्ड के बिना नया पैन कार्ड** नहीं बनवा सकेगा। यह **नया नियम इनकम टैक्स डिपार्टमेंट** की तरफ से अधिसूचित किया गया है।

सरकार ने साथ ही सभी मौजूदा पैन कार्ड धारकों को **31 दिसंबर 2025** तक अपने पैन को आधार से लिंक कराने का अल्टीमेटम दिया है।

यदि कोई नागरिक 1 जनवरी 2026 तक पैन को आधार से लिंक नहीं कराता है, तो उनका **पैन कार्ड निष्क्रिय** (Inoperative) घोषित कर दिया जाएगा।

**पैन कार्ड क्यों है जरूरी ?**

**पैन कार्ड आयकर रिटर्न दाखिल करने, बैकं खाता खोलने, 50,000 से अधिक के लेनदेन, निवेश, प्रॉपर्टी खरीद** जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए जरूरी होता है। इसके बिना कई आर्थिक गतिविधियां बाधित हो जाती हैं।

**घर बैठे ऐसे बनवाएं अपना e-PAN – स्टेप बाय स्टेप गाइड**

भारत सरकार ने नागरिकों की सुविधा के लिए **Instant e-PAN** की सुविधा शुरू की है। अब कोई भी व्यक्ति घर बैठे, **बिना दस्तावेज अपलोड किए, केवल आधार और OTP** के माध्यम से अपना **पैन कार्ड** बनवा सकता है।

**स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस :**

१. **इनकम टैक्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।**
२. होमपेज पर '**Instant e-PAN**' **सेक्शन मे जाकर** '**Get New e-PAN**' पर क्लिक करें।
३. **अपना आधार नंबर दर्ज करे (ध्यान दे – आधार से मोबाइल लिंक होना चाहिए)।**
४. **रजिस्टर्ड मोबाइल पर आया OTP डालकर वेरिफाई करे।**
५. **आपकी आधार डिटेल्स (नाम, जन्मतिथि, पता) ऑटो-पॉप्युलेट होंगी।**
६. **सबमिट बटन दबाएं।**
७. **कुछ ही मिनटों मे ई-पैन जनरेट हो जाएगा।**
८. **पैन नंबर SMS और ईमेल पर भेजा जाएगा।**
९. **आप चाहे तो e-PAN को PDF मे डाउनलोड कर सकते है।**
१०. **यदि फिजिकल पैन कार्ड चाहिए, तो ₹107 का भुगतान कर उसे पोस्ट द्वारा मंगवाया जा सकता है (15-30 दिन मे डिलीवरी होगी)।**

जरूरी बातें जो आपको जाननी चाहिए

१. **आधार से लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य है।**
२. **एक व्यक्ति केवल एक पैन कार्ड बनवा सकता है।**
३. **डुप्लीकेट पैन या फर्जी आवेदन पर सख्त कार्रवाई हो सकती है।**
४. **e-PAN की मान्यता भौतिक कार्ड जितनी ही है।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.